卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 303 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦10 अगस्त 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## दीवार गिरने से बच्ची और साधु की मौत

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। अलग अलग स्थानों पर दीवार गिरने से एक बच्ची और एक साधु की मौत हो गयी। बारिश के बाद उनके घर के पास में खेत और नाले में पानी भर आया। अधिक बारिश से भारी पानी सैलाब बनकर उनके दो बेटियां 12 वर्षीय आकांक्षा और 8 वर्षीय दृष्टि सो रही थी। घर में उनकी मां विधाता देवी भी मौजूद थी। पानी का





जानकारी के अनुसार डोईवाला माजरी ग्रांट रेशम माजरी वार्ड नंबर 10 हाईवे पर आनंद कोली का मकान है। देर रात भारी घर की ओर पहुंच गया। घर की दीवार तोड़कर पानी अंदर घुस गया। इस दौरान आनंद घर में प्रेस कर रहे थे और उनकी सैलाब जैसे ही अंदर घुसा, घर के कमरे डूब गए। सामान इधर-उधर बहने लगा। घर में सो रही बच्ची (शेष पृष्ठ सात पर)

## गोरीकुण्ड भूस्खलन में लापता एक और शव मिला

देहरादून(उद संवाददाता)। गौरीकुंड भूस्खलन हादसे में लापता लोगों को तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। तीन शव पूर्व में बरामद कर लिए गए थे। गुरुवार को एसडीआरएफ की टीम ने एक और शव बरामद किया है। शव की शिनाख्त वीर बहादुर नाम से हुई है। गौरीकुंड भूस्खलन हादसे में लापता नेपाली मूल के 14 लोगों के बारे में जिला



प्रशासन ने नेपाल दूतावास से भी उनके बारे में जानकारी मांगी है। साथ ही पुलिस से भी यात्रा के दौरान बाहरी लोगों के सत्यापन के बारे में रिपोर्ट मांगी गई है। भूस्खलन हादसे के छह दिन बाद भी नेपाली मूल व अन्य सहित कुल 20 लोगों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। बीते 3 अगस्त की रात्रि लगभग (शेष पृष्ठ सात पर)

## पिटाई से क्षुब्ध किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

काशीपुर(उद संवाददाता)। तहसील बाजपुर के कनौरी गांव में मां की पिटाई से क्षुब्ध किशोरी ने देर रात दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने



मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। अचानक घटी घटना को लेकर मृतका के परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के मुताबिक ग्राम कनौरी तहसील बाजपुर निवासी शकील की 16 वर्षीय पुत्री गुल चमन का किसी बात को लेकर मां से विवाद हो गया। बताते हैं कि गुस्से में मां ने बेटी की पिटाई कर दी इसी से क्षुब्ध होकर बरामदे में उसने छत के हुक से दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के पिता कि पूर्व में मौत हो चुकी है। पिता की मौत के बाद उसकी मां ने दूसरी शादी कर ली। घटना के वक्त सोतेला बाप भी घर में मौजूद नहीं था। मृतका चार बहन व एक भाई है। उसकी दो बहनों की शादी हो चुकी है। घटना को लेकर परिवार में कोहराम मचा है।

## एक ही रात में तीन दुकानों के ताले टूटे

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। बीती रात्रि शहर में एक ही रात में तीन दुकानों के ताले तोड़कर अज्ञात चोरों ने दुकान पर रखी लाखों की नकदी एवं मोबाइल पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली और नगर में सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई है। जानकारी के अनुसार गुरुद्वारा मार्ग पर हरियान कॉम्प्लेक्स में स्थित भारतीय स्टेट बैंक ग्राहक सेवा केंद्र संचालित है। बृहस्पतिवार की सुबह दुकानदार ने देखा कि दुकान का शटर कुछ खुला हुआ है और ताले भी नहीं है। उसने तत्काल



इसकी सूचना ग्राहक सेवा केंद्र की प्रभारी ममता पंत को दीं। चोरों ने गल्ले का ताला तोड़कर बैग में रखी एक लाख रुपए की नगदी पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। सूचना मिलते एसआई चन्दन सिंह पुलिस की टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। इधर ईनटू पुत्र किशन मंडल की चिकन की दुकान पर ताला टूटा था। बिल्ला पुत्र चितरंजन की चिकन की दुकान पर ताला तोड़कर 700 की नकदी और मोबाइल पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। इधर पुलिस नगर में सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई है। लगातार हो रही चोरी की वारदात को लेकर (शेष पृष्ठ सात पर)

## फोन पर पुलिस कर्मी को दी धमकी

काशीपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली में तैनात कांस्टेबल से मोबाइल फोन पर गाली गलौज एवं अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी देने के एक मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी को संगीन धाराओं में नामजद करते हुए उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस को दी तहरीर में कांस्टेबल हरि सिंह ने बताया कि ढकिया नंबर 1 कुंडेश्वरी निवासी संजय चौधरी पुत्र ओमप्रकाश नामक व्यक्ति ने उसके मोबाइल फोन पर कॉल करके गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके अलावा पहाड़ी मूल का (शेष पृष्ठ सात पर)

## रुद्रपुर में सीलिंग की भूमि से हटा अतिक्रमण

### प्रशासन की सख्ती के बाद टाईल्स व्यापारियों ने खुद खाली की दुकानें

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विगत दिनों नगर में कमिश्नर के प्रीत बिहार क्षेत्र में अतिक्रमण को हटाने के आदेश के बाद बृहस्पतिवार को प्रशासन की टीम जेसीबी जाने की कार्रवाई से पूर्व ही वहां मौजूद दुकानदारों की तीखी नौक-झौंक शुरू हो कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा,नगर अध्यक्ष सीपी शर्मा व पार्षद मोहन खेड़ा







दौरे के दौरान रामपुर रोड पर सीलिंग की भूमि पर दुकानें बनाकर किये गये मशीन व पुलिस फोर्स के साथ वहां पहुंच गई। टीम द्वारा अतिक्रमण ध्वस्त किये गयी। इस बीच व्यापारियों के समर्थन में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल और भी अपने समर्थकों के साथ पहुंच गये। उन्होंने प्रशासन (शेष पृष्ठ सात पर)

## दबंगों ने युवक पर धारदार हथियारों से किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दबंगों ने सरेआम एक युवक पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। गंभीर हालत में युवक को निजी अस्पताल भर्ती कराया है। घटना की फुटेज सीसी टीवी कैमरे में भी कैद हुयी है। घायल युवक के पिता ने मामले की तहरीर पुलिस को देकर कानूनी कार्यवाही की गुहार लगायी है। पुलिस को दी तहरीर में अनिल गुप्ता पुत्र नत्थू लाल गुप्ता निवासी वार्ड नं0-36, आदर्श कॉलोनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि घर के पास ही उसकी गौशाला और डेयरी है। विगत रात्रि करीब 12 बजे उसका पुत्र ऋषभ दुकान बन्द करने के उपरान्त आदर्श कॉलोनी की मुख्य सड़क पर मोमो खाने के लिये गया हुआ था, इसी दौरान वार्ड का ही एक युवक अपने दो अन्य साथियों के साथ खड़ा था। उक्त लोगों ने तलवार और कुल्हाड़ी से ऋषभ र हमला कर दिया। घटना आस पास के सी०सी० कैमरों में कैद हुई है। हमलावर तंमचा व तलवार लहराते हुए मौके से फरार हो गये। घायल ऋषभ को सरकारी हॉस्पिटल ले जाया गया हां से उसे रैफर कर दिया गया। घायल का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। फिल्हाल पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पोस्टमार्टम हाउस की बाउंड्री वॉल मलबे में तब्दील

### बाकी बची दीवार से कभी भी हो सकता है गंभीर हादसा

काशीपुर(उद संवाददाता)। देर रात तेज हवाओं के साथ हो रही मूसलाधार बारिश के बीच पोस्टमार्टम हाउस का लगभग 40 फिट बाउंड्री वॉल गिरकर मलबे में तब्दील हो गया। इस दौरान किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं रही लेकिन निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल जरूर खड़े कर दिए। जानकारी के मुताबिक आधी रात के बाद आसमान पर उमड़ घुमड़ कर रहे बादलों ने अचानक तल्ख रूप ले लिया। और देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश होने लगी। तेज बारिश के कारण



जहां शहर एक बार फिर से ताल तलैया में तब्दील हुआ वही पोस्टमार्टम हाउस की लगभग 40 फीट बाउंड्री वॉल भरभरा कर मलबे में तब्दील हो गई। ज्ञातव्य है कि पोस्टमार्टम हाउस का फ्रंट बाउंड्री वॉल बहुत पहले ही गिर चुका है। चहरदिवारी ना होने के कारण स्थानीय लोग पीएम हाउस का दुरुपयोग करते हुए यहां घोड़े गाय भैंस बांध दिया करते हैं जिससे अंत्य परीक्षण के लिए आने वाले मृतक के संबंधियों को उठने बैठने में बेहद मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। पोस्टमार्टम हाउस (शेष पृष्ठ सात पर)

## 13 अगस्त को निकलेगी ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा: शिव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में गत वर्ष की तरह इस बार भी शहर में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। जिसमें हजारों की संख्या में लोग भगीदारी करेंगे। 13 अगस्त को प्रस्तावित तिरंगा यात्रा के सम्बंध में सिटी क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में विधायक शिव अरोरा ने बताया कि 15 अगस्त



देश की आजादी का पर्व है। देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने का पर्व है। लाखों क्रांतिकारियों के बलिदान के बाद हमारा देश 15 अगस्त को स्वतंत्रत हुआ। इस दिन को पूरा देश उत्सव के रूप में मनाता है। रूद्रपुर में गत वर्ष भी इस अवसर पर एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी थी। इस बार भी धीरेश गुप्ता और सुशील गावा के नेतृत्व में 13 अगस्त को विशाल तिरंगा यात्रा पूरे शहर में निकाली जायेगी। यह शहर में अब तक की सबसे बड़ी तिरंगा यात्रा होगी। इस यात्रा में देश भक्ति से ओत प्रोत तमाम झांकियों का समावेश होगा। इसमें युवा महिलाएं और बुजुर्ग सभी शामिल होंगे। यात्रा ट्रांजिट कैंप फुटबाल मैदान से शुरू होगी। ट्रांजिट कैम्प का भ्रमण करते हुए यात्रा मुख्य बाजार पहुंचेगी और विभिन्न मार्गो से होते हुए गांधी पार्क पहुंचकर संपन्न होगी। यात्रा को (शेष पृष्ठ सात पर)

# रजत पदक विजेता मुकेश पाल का किया जोरदार स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कनाडा में आयोजित विश्व पुलिस खेल प्रतियोगिता में पावर लिफ्टिंग में देश के लिए दो रजत पदक जीत कर स्वदेश लौटे पुलिस के उप निरीक्षक मुकेश पाल का गत दिवस रेलवे स्टेशन पहुंचने पर पुलिस उप महानिरीक्षक कुमाऊं डा. निलेश आनंद भरने सहित पुलिस के कई आलाधिकारियों व विभिन्न संगठनों के सैकड़ो लोगों ने जोरदार स्वागत किया। जिनमे ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, एमबीपीजी कॉलेज एसोसिएशन, व्यापार मंडल, शिवसेना परिवार, प्राचीन शिव मंदिर समिति, ब्राह्मण समाज, एक समाज श्रेष्ठ समाज, प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल, कांग्रेस कमेटी, आदि नेको संस्थाओं ने मुकेश पाल को फूल मालाएं और फूल के बुके देकर उनका स्वागत किया। पुलिस विभाग की कई महिला व अन्य अधिकारियो ने जगह-जगह, सीआईडी घ्ब्की टीम ने अपने कार्यालय के बाहर फूल मालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक रूपेंद्र नागर ने बताया कि स्वागत जलूस रेलवे स्टेशन से होते हुए रेलवे बाजार ,नया बाजार, मीरा मार्ग, फल मंडी, नैनीताल रोड होते हुए कोतवाली के निकट तहसील कर्मी, कोतवाली के पुलिस अधिकारियों ने स्वागत किया।



रेलवे बाजार में प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल, शिव सेना कार्यालय पर शिवसेना परिवार, रेलवे बाजार, मीरा मार्ग में जिला इकाई,नगर इकाई, शिवसेना, फल सब्जी फुटकर व्यापार समिति, प्राचीन शिव मंदिर समिति, पंजाबी जन कल्याण समिति, मेडिकल एसोसिएशन, आदि कई संस्थाओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा व फूल माला पहन कर स्वागत किया। वाहनों का काफिला आईजी नीलेश आनंद भरणे के कैंप आवास पर पहुंचा जहां आईजी नीलेश आनंद भरणे ने मुकेश पाल का फूल माला पहनाकर व पुष्प गुच्छ देखकर स्वागत किया। कार्यक्रम में बॉडीबिल्डिंग एसोसिएशन के हेम भट्ट, शिवसेना नेता त्रिलोक सिंह, हेमन्त कुमार, अशोक सिंधी, प्रमोद आर्य, अभिषेक कश्यप, राजेश साहू, अभिषेक सिंह, विपीन पाल, एक समाज के योगेन्द्र साहू, बलराम हलदर, प्राचीन शिवमंदिर समिति के धर्मेन्द्र गुप्ता, लाला जयसवाल, सुशील गुप्ता, पंजाबी जन कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रदीप कक्कड़ ,मुकेश ढींगरा, मॉर्निंग वॉकर क्लब के हरीश पांडे, सुनील बमेठा, राजेश सैनी, आर्म रेसलिंग के विश्व चौंपियन दलजीत सिंह, पार्षद रविजोशी, अशोक पाल, नीरज बगड़वाल, कांग्रेस नगर अध्यक्ष राहुल छिमवाल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख संध्या डालाकोटी, किरन डालाकोटी, फल सब्जी मंडी समिति के सफदर, दानिश, रवि गुप्ता, रामरूप गुप्ता, वसीम, आदि सामाजिक संगठनों और व्यापारियों ने स्वागत किया। भ्रमण करते हुए मुकेश पाल के निवास स्थान पहुंचे जहां। मुकेश पाल ने इस प्यार के लिए सभी शहर वासियों, खेल प्रेमी और पुलिस विभाग का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवद किया।



# राज्यपाल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से की भेंट

देहरादून/नई दिल्ली (उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) ने बुधवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उत्तराखण्ड प्रदेश के विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा की। उन्होंने राष्ट्रपति जी को मानसखण्ड मंदिर माला मिशन पर आधारित कॉफी टेबल बुक भेंट की। राज्यपाल ने राष्ट्रपति जी को वर्तमान में गतिमान चारधाम यात्रा और दिसंबर में प्रस्तावित इन्वेस्टर समिट के लिए भी आमंत्रित किया।

# तहसीलदार ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

गदरपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान काफी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। जिसमें कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया और कुछ शिकायतो को उनके विभागों को भेज दिया गया। इस दौरान बदहाल सड़कों का मुद्दा काफी छाया रहा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर सरकार जनता के द्वार रात्रि विश्राम कार्यक्रम ग्राम लखनऊ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवनियुक्त तहसीलदार दिनेश कुमार कुटोला ने की। इस दौरान ग्राम पंचायत लखनऊ में कुल तेरहा समस्याएं आईं जो कि आठ समस्याएं लिखित में और पांच समस्याओं को मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस दौरान सबसे बड़ी समस्या ग्राम सभा लखनऊ की नाले को लेकर दर्ज की गई ग्राम वासियों का कहना था कि शहर का गंदा पानी इस नाले में आता है जो कि अत्यंत



बीमारियों को जन्म दे रहा है। वही स्वास्थ्य अस्पताल के डॉ सरना ने जनता दरबार के माध्यम से आई फ्लू ,डेंगू जैसी बीमारियों के विषय में जानकारी दी। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ रवि शंकर झा ने पशुओ से संबंधित जनता दरबार के माध्यम से ग्राम वासियों को जानकारी दी। ग्राम लखनऊ के कुछ लोगों ने कुड़े की समस्या को लेकर अपनी शिकायत दर्ज कराई। जनता दरबार के माध्यम से पूर्व उप प्रधान शराफत अली के द्वारा कब्रिस्तान की बाउंड्री हैंड पंप एवं ग्राम लखनऊ में बड़े ट्रांसफार्म को लेकर अपनी समस्या तहसीलदार के सम्मुख रखी। वही ग्राम लखनऊ में घुसते ही किसानों के द्वारा रोड की पटरी को काट लिया गया है जो कि भविष्य में अनहोनी की घटना घट सकती है इसके अलावा अस्थाई, जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड के मुद्दे भी छाये रहे। तहसीलदार दिनेश कुमार कुटोला ने बताया कि कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया और कई मांगों को अन्य विभागों को भेज दिया गया है और जल्द से जल्द कार्रवाई करने की बात कही गई है। इस मौके पर तहसीलदार दिनेश कुमार कुटोला, खंड विकास अधिकारी, ऐडीओ समाज कल्याण, जेई अनिल कुमार, डॉ रवि शंकर झा, डा.सरना, मेहताब अली, मनीष चौहान, राजस्व निरीक्षक विजय कुमार, हरिश्चंद्र, सतपाल पटवारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# ध्वजारोहण के साथ हुआ मेरी माटी मेरे देश अभियान का शुभारंभ

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। आजादी के महोत्सव पर मेरी माटी मेरा देश अभियान का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ किया गया। नगर पंचायत कार्यालय में मेरी माटी मेरा देश का शुभारंभ चेयरमैन प्रेम सिंह टुरना ने ध्वजारोहण कर किया। साथ ही देश के लिए अपना जीवन न्यौछावर करने वाले वीरों को नमन किया। राष्ट्रगान किया गया। शिलाफलकम का अनावरण किया गया। कलश में मिट्टी अर्पण की गई,



अमृत वाटिका की स्थापना, पंचप्राण शपथ तथा दीपक जलाकर सेल्फी ली गई। चौयरमेन प्रेम सिंह टुरना ने तीन स्थानीय वीरों के बलिदान का वर्णन किया गया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी विमला जोशी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जगदीश जोशी, तरसेम सिंह, नरेंद्र राणा, प्रदीप विश्वास, हरबंस सिंह, पूजा भट्ट, तरुण गुलाटी, सुमित राणा,दान सिंह राणा, आदि कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

# एसएसपी ने किया आपदा प्रबंधन दिग्दर्शिका का विमोचन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय सभागार में आपदा प्रबंधन दिग्दर्शिका का विमोचन किया गया। जिसमें आपदा के समय होने वाली समस्याओं की जानकारी व आपदा के दौरान जनपद उधम



सिंह नगर के पुलिस प्रशासन व आपदा प्रबंधन के समस्त अधिकारियों के मोबाइल नंबर, सैल्टर होम्स, स्कूल कॉलेज, धार्मिक संस्थान व अन्य महत्त्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई गई है। आपदा प्रबंधन दिग्दर्शिका विमोचन कार्यक्रम में एसपी क्राइम / ट्रैफिक चंद्रशेखर घोड़के, एसपी सिटी रुद्रपुर मनोज कत्याल, सी ओ संचार रेवाधर मठपाल, सी ओ सिटी अनुषा बडोला व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# शहीदों की याद में की गयी शिलाफलकम की स्थापना

किच्छा (उद संवाददाता)। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत बलिदान हुए वीरों की याद में शिलाफलकम की स्थापना देवरिया वार्ड नंबर 1 में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष दर्शन सिंह कोहली एवं अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह द्वारा की गई। इसके साथ ही इसके साथ ही ध्वजरोहण राष्ट्रगान करने के उपरांत पौधारोपण किया गया। साथ ही शिलाफलकम के माध्यम से देश के लिए कुर्बान हुए लोगों को याद किया गया। पालिका अध्यक्ष दर्शन सिंह कोहली ने कहा कि आजादी के लिए हमारे हजारों वीरों ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। ऐसे वीरों को याद करने के लिए हमारे पास उनके स्मारक शिलाफलकम म्यूजियम आदि बनाकर याद करने की शिवा कुछ भी नहीं है।



हमें हमेशा देश की आजादी के लिए शहीद हुए वीरों की इच्छा शक्ति के अनुरूप कार्य करते हुए देश के विकास में लगा रहना चाहिए। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह ने कहा कि ऐसे शीलाफलकम हर जगह हर बलिदानी के गृह क्षेत्र में बनाए जाने चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी अपने शहीदों को वीरों को याद कर सके या उनके बारे में विस्तृत जानकारी ले सके। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शहीद वीरों के लिए जो भी योजनाएं क्रियान्वित की जाएंगी उन्हें धरातल पर लाने का भरसक प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर सभासद रंजीत सिंह नगरकोटी ने कहा कि देवरिया क्षेत्र स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का क्षेत्र है यहां का हर बच्चा देशभक्त है तथा समय आने पर अपनी देशभक्ति दिखाकर ही दम लेता है।इस अवसर पर सभासद लियाकत ,अंसारी ब्लॉक अध्यक्ष रमेश तिवारी गुड्डू पालिका कर्मचारी विजयंत कुमार सफाई निरीक्षक, बड़े बाबू ताहिर मलिक आनंद सिंह नेगी, रोहित बलूनी, प्रेमचंद कोठारी,धीरेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद थे।

# नेत्रदान कर अमर हुए व्यापारी किशन लाल चुघ

गदरपुर(उद संवाददाता)। वार्ड न 06 आवास विकास गदरपुर निवासी सतीश चुघ के बड़े भाई एवं संदीप चुघ,आशीष चुघ,रोहित चुघ व रजत चुघ के पूजनीय



पिताजी किशन लाल चुघ का विगत रात्रि आकस्मिक निधन हो गया पुत्रों एवम भाई के अलावा अन्य परिजनों ने बड़ा हृदय करते हुए नगर की नेत्रदान संस्था 'सोचो डिफरेंट' से संपर्क किया। तत्पश्चात सीएल गुप्ता आई बैंक मुरादाबाद की टीम द्वारा सफलतापूर्वक नेत्रदान लिए गए अब किन्हीं दो लोगों के जीवन में रोशनी आएगी और दिवंगत कृष्ण लाल चुघ हमेशा के लिए अमर हो गए । जाते जाते किन्ही दो लोगो को रोशनी दे गए दिवंगत आत्मा को क्षेत्र के विभिन्न संगठनों सोचो डिफरेंट संस्था,प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल गदरपुर,पंजाबी महासभा,श्री जय भवानी जागरण मंडल,जियो जिंदगी,पुरातन श्री सनातन धर्म मंदिर,श्री शिव मंदिर कमेटी,हेल्प टू अदर्स सोसाइटी, मुक्तिधाम सेवा सोसायटी ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की ।

# युंका कायकर्ताओं ने स्थापना दिवस पर किया मिष्ठान वितरित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजेन्द्र नगर राजपुरा में युवा कांग्रेस स्थापना दिवस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू के आवास कार्यालय में धूमधाम के साथ मनाया गया। युवा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके पर साहू



ने कहा सेवा समर्पण और संघर्ष की मिसाल यूथ कांग्रेस के सदस्य होने पर हमे गर्व है। इस मौके पर जिला कोऑर्डिनेटर सचिन राठौर, मोनू चौहान, प्रीती आर्या, कु.नेहा, शिवानी बाल्मीकि, माया शर्मा, ज्योति बाल्मीकि, जया, स्नेहा आदि थे।

# विधायक बेहड़ का जताया आभार

किच्छा(उद संवाददाता)। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एन यू खान ने विधायक तिलकराज बेहड़ द्वारा मुख्यमंत्री से नहर कवरिंग का प्रस्ताव सिरौली चौराहे तक बढ़ाए जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि नहर को सिरौली तक कवरिंग किए जाने का लाभ क्षेत्र के आधा दर्जन से भी अधिक गांव के हजारों लोगों को मिलेगा जैसे के दोपहरिया पंथपुरा अंजनिया पटेरी भंगा आदि गांवों के लोग जहां 2 किलोमीटर सफर कम काटकर किच्छा पहुंच सकेंगे वहीं हाईवे पर होने वाली दुर्घटनाओं से भी बचा जा सकेगा तथा शहर में हो रही पार्किंग की समस्या से भी निजात मिलेगी।



श्री खान ने कहा है कि सिरौली से किच्छा तक नहर की पटरी पर लगभग 15 वर्ष पूर्व तिलक राज बेहड़ द्वारा ही रोड का निर्माण कराया गया था जिसको आज तक रिपेयर तक का कार्य नहीं किया गया जिसके चलते यह सड़क गहरी गहरी गढ़ों में तब्दील हो गई है। इस नहर किनारे मौलाना आजाद इंटर कॉलेज ब जनता इंटर कॉलेज में हजारों बच्चे पढ़ते हैं। इन दोनों कॉलेजों में क्षेत्र के हजारों बच्चे शिक्षा ग्रहण करने प्रतिदिन आते जाते हैं बरसात में गहरी गहरी गढ़ों में पानी भरा होने के कारण बच्चों को आने जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है इससे कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों को भी बहुत बड़ी राहत मिलेगी तथा लेफ्ट पहा नहर से आने वाली खतरनाक दुर्गंध और गंदगी से भी छुटकारा मिलेगा ।




# मंदिर में पानी भरने से श्रद्धालु परेशान बौर और हरिपुरा का जल स्तर बढ़ा

गूलरभोज(उद संवाददाता)। रेलवे फाटक के पास शिव मंदिर में नदियों नालों का पानी मंदिर में भर जाने से श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। श्रद्धालुओं को पानी में से होकर भगवान के दर्शन करने पड़ रहे हैं ।मंदिर से पानी न निकलने पर क्षेत्रवासियों का नगर पंचायत के प्रति रोष व्याप्त है। वहीं पहाड़ों से आ रही भाखड़ा और बोर नदी में अचानक बाढ़ आ गई इससे बौर और हरिपुरा जलाशय का जलस्तर काफी बढ़ गया। जलाशय पार बसे गांव तक पानी पहुंच गया। कट पुलिया का तो रास्ता ही पानी में समा गया। इससे कट पुलिया, ककराला और डिब्बी गांव का संपर्क फिलहाल कट गया है। ग्रामीणों की धान की फसलें भी पानी में डूब गई है सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता विशाल प्रसाद ने बताया कि बोर नदी से और भाखड़ा नदी से पानी आने से जल स्तर बढ़ गया था जिसे सामान्य करने के लिए हरिपुरा और बोर नदियों से पानी छोड़ा जा रहा है।





# आईटी एवं बीएड छात्राओं के लिए कार्यशाला आयोजित

काशीपुर (उद संवाददाता)। चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, काशीपुर में आई0टी0 एवं बी0एड0 की छात्राओं के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रथम दिन माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। तत्पश्चात मेटा क्वेस्ट की जानकारी दी गयी, जो एक मिश्रित रियलिटी हेडसेट है। इसे मेटा प्लेटफार्म के एक प्रभाग रियलिटी लैब्स द्वारा विकसित किया गया है। इसके पश्चात् छात्राओं को वास्तविक अनुभव कराने के लिए 5-5 समूहों में बाँटा गया। 3 समूहों एवं प्राध्यापिकाओं ने पहले दिन व अन्य शेष समूहों ने दूसरे दिन वर्चुअल वर्ल्ड, इन्सेक्ट वर्ल्ड, होरर सिरीज, रोलर कोस्टर, हिल स्टेशन, इन्टरनेशनल स्पेस, राइडिंग, बाईक राइडिंग, गेम्स, आकाश गंगा व केदारनाथ यात्रा आदि का वास्तविक अनुभव किया। दूसरे दिन कार्यशाला में लिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यशाला से सम्बन्धित 21 प्रश्न पूछे गये और 50 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में बी0एड0 द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा सदफ प्रथम, भावना द्वितीय व नेहा कश्यप तृतीय स्थान पर रही। टैक्नो हब कमेटी द्वारा तीनों को सर्टिफिकेट, मेडल व नकद धनराशि क्रमशः 2000, 1500, 1000 पुरस्कार स्वरूप वितरित की गयी। टीम अध्यक्ष सिद्धार्थ माधव ने प्राचार्या को स्मृति चिन्ह व शाल भेंट कर सम्मानित किया। अन्त में प्राचार्या ने टीम वर्क की सराहना की। इस अवसर पर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 दीपिका गुड़िया आत्रेय, डॉ0 रमा अरोरा, श्रीमती प्राची धौलाखण्डी, डॉ0 ज्योति रावत, डॉ0 वन्दना सिंह, डॉ0 मंगला, डॉ0 नवनीत कुमार सिंह, श्रीमती शालिनी सिंह, चंचल कुमार, डॉ0 महेश कुमार, मनोज कुमार, किरन व सृष्टि उपस्थित रहे।



# शहर में नहीं बना सार्वजनिक शौचालय

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहर को स्वच्छ बनाने के लिए नगर पंचायत के दावे जमीनी हकीकत के सामने बेहद कमजोर दिखाई दे रहे हैं। पूरा शहर सुलभ शौचालय की कमी झेल रहा है। जिससे लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। शहर के बाजार में भी सार्वजनिक शौचालय नहीं है। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों से भी भारी तादाद में लोग बाजार में खरीदारी करने आते हैं। सुलभ शौचालय न होने से लोग गलियों में खुले में शौच करते दिखाई देते हैं। शहर में स्थित मुख्य बाजार में सार्वजनिक शौचालय नहीं है जिससे लोग इधर-उधर भटकते दिखाई देते हैं। शहर वासियों ने शहर में सार्वजनिक शौचालय बनाने या बाजार से मोबाइल टॉयलेट रखने की मांग भी की है। नगर पंचायत द्वारा बाजार में मोबाइल टॉयलेट रखवाए गए थे जो अभी दिखाई नहीं दे रहे हैं।। सुलभ शौचालय न होने से दुकानदार भी काफी परेशन है। लोगों का कहना है कि सरकार की ओर से स्वच्छता मिशन के तहत लोगों को खुले में शौच करने के लिए जागरूक किया जाता है। लेकिन शहर के मुख्य बाजार में एक भी मोबाइल टॉयलेट शौचालय नहीं रखा गया है। एक तरफ सरकार स्वच्छता को लेकर काफी प्रचार प्रसार कर रही है। इसके लिए काफी धनराशि खर्च हो रही है लेकिन शहर के मुख्य चौराहे पर शौचालय ना होने के कारण लोग खुले में शौच करने में मजबूर हैं। एक भी सार्वजनिक शौचालय नहीं है। स्वच्छता में संबंधित किसी भी योजना का असर शहर में नहीं दिख रहा है। इस समस्या के प्रति संबंधित अधिकारी की उदासीन रवैया लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। नगर में ऐतिहासिक गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब है, हजारों श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं। नगर के मुख्य चौराहे पर सार्वजनिक शौचालय न होने से श्रद्धालुओं को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। मगर शासन प्रशासन का कोई उच्च अधिकारी इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रहा है। जिससे लोगों को भारी रोष दिखाई दे रहा है। नगर में सार्वजनिक सुलभ शौचालय नहीं होने से लोगों को खुले में शौच करने के लिए जाना पड़ रहा है। मगर शहर का कोई जनप्रतिनिधि इस बड़ी समस्या को लेकर गंभीर नहीं दिखाई दे रहा है।

# डीएम ने की जन शिकायतों की समीक्षा

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर की गई शिकायतों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी लेवल 01 तथा लेवल 02 के अधिकारियों को अपने-अपने स्तर पर शिकायतों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि समय-समय पर मा0 मुख्यमंत्री द्वारा सीएम हैल्प लाइन में दर्ज शिकायतों के सम्बन्ध में हुई कार्यवाही की समीक्षा की जाती है। बैठक में उन्होंने निर्देश दिये कि दर्ज शिकायतों का निस्तारण समयबद्धता से करते हुये शिकायतकर्ता से वार्ता की जाय। उन्होंने वन विभाग, शिक्षा, बाल विकास, पर्यटन, स्वास्थ्य, सिंचाई आदि विभागों की दर्ज शिकायतों को स्वयं पोर्टल में देखते हुये शिकायतकर्ताओं से स्वयं दूरभाष पर वार्ता की। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि दर्ज शिकायत पर शिकायतकर्ता से वार्ता करने के साथ ही विभाग द्वारा की गयी कार्यवाही को पोर्टल पर अपडेट किया जाय। उन्होंने निर्देश दिये कि लम्बे समय से लम्बित शिकायतों का निस्तारण तत्काल किया जाय तथा सभी अधिकारी प्रत्येक दिन पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का अवलोकन स्वयं करें ताकि लम्बित व दर्ज शिकायतों का त्वरित संज्ञान लेते हुए निस्तारण किया जा सके। बैठकमें अपर जिलाधिकारी सी0एस0 मर्तोलिया, प्रभागीय वनाधिकारी सिविल सोयम ध्रुव सिंह मर्तोलिया, जिला विकास अधिकारी संतोष कुमार पंत सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



# संयुक्त किसान मोर्चा ने मनाया भारत छोड़ो दिवस

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आह्वान पर विभिन्न संगठनों ने भारत छोड़ो दिवस मनाते हुए बुद्ध पार्क में सभा आयोजित की। तत्पश्चात बुद्धपार्क से उपजिलाधिकारी कार्यालय हल्द्वानी तक जुलूस निकालकर राष्ट्रपति को दस सूत्रीय मांग पत्र प्रेषित किया। ज्ञापन में वन संरक्षण (संशोधन) विधेयक 2023 द्वारा वन संसाधनों को कॉर्पोरेट घरानों को सौंपने का विरोध किया गया। साथ ही मणिपुर में आदिवासी महिलाओं और आदिवासी लोगों के साथ हुई घटना पर रोष व्यक्त करते मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को बर्खास्त करने और शांति स्थापित करने की मांग की। किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुर सिंह जंगी ने कहा कि केंद्र सरकार जंगल, नदी और अन्य जल संसाधन, कृषि भूमि पर कॉर्पोरेट और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के नियंत्रण को बढ़ावा देने के लिए पूँजीपतियों के साथ साजिश रच रही है। सभा को आनंद पांडेय, भुवन जोशी, डा कैलाश पाण्डेय, मोहन मटियाली आदि ने संबोधित किया। इस दौरान पछास के चंदन, महेश, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की रजनी जोशी, ऐक्टू के किशन बघरी, अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन ऐपवा की विमला रौथाण, निर्मला शाही, माले नेता ललित मटियाली, गोविंद सिंह जीना, पुष्कर सिंह दुबड़िया, कमल जोशी, प्रभात पाल, हरीश भंडारी, आंनद सिंह दानू, बबलू भट्ट, पलविंद्र सिंह, त्रिलोक सिंह दानू आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।




# पंतनगर किसान मेला 6 से 9 अक्टूबर तक चलेगा

पंतनगर (उद संवाददाता)। विश्वविद्यालय में किसान मेला सलाहकार समिति की बैठक कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 114वां अखिल भारतीय किसान मेला 6 से 9 अक्टूबर को विश्वविद्यालय में आयोजित किया जायेगा। समिति के सदस्य सचिव एवं निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जे.पी. जायसवाल द्वारा बैठक का संचालन किया गया। बैठक में किसान मेला के सलाहाकार समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे। बैठक में किसान मेले से संबंधित कई बिन्दुओं जैसे किसान मेले में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन हेतु समितियों का निर्धारण, मेले में किसान गोष्ठी के दौरान दिये जाने वाले वैज्ञानिकों के व्याख्यान, विभिन्न शोध केन्द्रों पर किसानों का भ्रमण, प्रगतिशील कृषकों को सम्मान, स्टाल धारकों को पुरस्कार वितरण, मेले के सफल आयोजन हेतु प्रस्तावित बजट इत्यादि पर चर्चा की गयी। कुलपति द्वारा इस बात पर बल दिया गया कि किसानों को उत्तम बीजों के विक्रय के दौरान उनको कठिनाई न हो और किसान मेले में आने वाले कृषकों को उनको रूकने की समुचित व्यवस्था हो। कुलपति द्वारा मेले में प्रगतिशील कृषक को आमंत्रित करने के लिए कहा गया ताकि उनके अनुभवों का लाभ मेले में आने वाले कृषकों को प्राप्त हो सके। बैठक में विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशकगण, संयुक्त निदेशक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे, जिन्होंने विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव दिये।



# ब्रम्हाकुमारी संस्था की बहनों ने अधिकारियों को बांधे रक्षा सूत्र

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ब्रह्माकुमारी संस्था प्रभारी ब्रह्माकुमारी सूर्यमुखी व अन्य बीके बहनो ने जिलाधिकारी उदय राज सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक टीसी मंजुनाथ, सीडीओ विशाल मिश्रा सहित सभी अधिकारियों को रक्षा सूत्र बांधकर दीर्घायु एवं सुखमय जीवन की कामना की और ईश्वरीय वरदान देकर मुख मीठा कराया। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को ईश्वरीय विद्यालय आने का निमंत्रण भी दिया।



# स्व. बलदेव राज की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित

किच्छा(उद संवाददाता)। उत्तरांचल पंजाबी महासभा एवं श्री बलदेव राज चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में शहीद ऊधम सिंह मैमोरियल ब्लड सेंटर के सहयोग से स्व. बलदेव राज अरोड़ा जी की स्मृति में श्री सनातन धर्म शिव मंदिर, वार्ड दो आजादनगर में स्वैच्छिक रक्तदान एवं गुरू का लंगर आयोजित किया गया। जिसमें दर्जनों लोगों ने रक्तदान कर समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि गौरव बेहड़ के साथ आयोजक संस्था के पदाधिकारियों तथा उपस्थित चिकित्सकों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारम्भ किया गया। तत्पश्चात सभी ने स्व. बलदेवराज अरोड़ा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। श्री बेहड़ ने कहा कि समाज में रक्तदान को श्रेष्ठ दान माना गया है। इससे रक्तदाता को जहां समाज के प्रति अपने दायित्वों का





निर्वहन करने की सुखद अनुभूति होती है वहीं दान किये गये रक्त से किसी जरूरत मंद व्यक्ति को नया जीवन मिल जाता है। उन्होंने कहा कि हर स्वस्थ व्यक्ति को जीवन में आवश्यकता पड़ने पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। शहीद ऊधम सिंह मैमोरियल ब्लड सेंटर के निदेशक डा. मनदीप सिंह ने बताया कि लोगों के लिए ब्लड सेंटर चौबीसों घंटे खुला रहता है। सेंटर में समय समय पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा रक्तदान शिविरों का आयोजन भी किया जाता है। शिविर में लगभग 50 लोगों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। इस दौरान आयोजन स्थल पर गुरू का अटूट लंगर भी बरताया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष दर्शन कोली, विवेक राय, कुंदन लाल खुराना, विवेकदीप सिंह, विपिन जलहोत्रा, अरूण तनेजा, प्रवीण रहेजा, राजकुमार तनेजा, संजीव कुमार सिंह, सुभाष तनेजा, पं. अनिल शर्मा, डा. मनदीप सिंह, डा. जसविन्दर सिंह गिल, डा. अंकिता, ओमप्रकाश पप्पू, बबलू चौधरी , जतिंदर सिंह संधू, केवल हुड़िया, डा. अजय अरोरा, डा. राहुल गंगवार, डा. उपासना सहित स्व. बलदेवराज अरोड़ा के परिजनों के साथ सेंटर में समय समयपर रक्तदान शिविर के सहयोगी आदि उपस्थित थे। advt





# बीज विधायन संयंत्र नगला को विकसित किया जायेगा: उदय राज

पंतनगर (दर्पण संवाददाता)। उत्तराखण्ड सीड्स एण्ड तराई डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लि0 के प्रबन्ध निदेशक/जिलाधिकारी उदय राज सिंह द्वारा निगम मुख्यालय का निरीक्षण कर टी0डी0सी0 अधिकारियों की बैठक ली। प्रबन्ध निदेशक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बीज विधायन संयंत्र, हल्दी की भूमि व भवन हवाई अडडे की सीमा में आने की वजह से नगला को पर्वतीय प्रजातियों दलहन, तिलहन आदि के प्रोसेसिंग हेतु विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत करने का सुझाव दिया गया । उन्होने कहा कि हल्दी में एयरपोर्ट का विस्तारिकरण की स्थिति में कार्यालय भी नगला में स्थाई रूप में निर्मित का सुझाव दिया । प्रबन्ध



निदेशक श्री सिंह ने कहा कि अन्त:ग्रहित समस्त बीजो का विपणन एवं वितरण समय से सुनिश्चित करने की योजना भी बनायी जाय। वर्तमान में टीडीसी उत्तराखण्ड के अतिरिक्त बिहार, झारखण्ड उत्तर प्रदेश, हिमाचल, छत्तीसगढ पंजाब आदि राज्यो के कृषको की बीज की मांग की पूर्ति कर रहा है। प्रदेश सरकार के वित्तीय सहयोग से टीडीसी को पुन: उसकी पुरानी गरिमामय स्थिति में पहुॅचाया जा सकता है। उन्होने अधिकारियों को बीजो की गुणता पर विशेष ध्यान देने के भी निर्देश दिये। इस अवसर पर कर्मचारियो की समस्या का भी निराकरण किया । इस अवसर पर महाप्रबन्धक/मुख्य कृषि अधिकारी डा0 अजय कुमार वर्मा, मुख्य बीज उत्पादन अधिकारी डा0 दीपक पाण्डेय, बी0सी0 बमेठा, उदय राज सिंह, अनिसुल रहमान, दिगम्बर प्रसाद, रोहन सांगुडी, आर0के0 अग्रवाल, जी0सी0 तिवारी, लाल सिंह कोरंगा पी0के0 सिंह, कमल श्रीवास्तव इन्दिरावती, अंगद सिंह आदि उपस्थित थे। प्रथमवार निगम मुख्यालय पहुॅचने पर टी0डी0सी0 के अधिकारियो द्वारा बुके भेट कर स्वागत किया गया।

# बेहड़ ने गौला नदी से हो रहे कटान का लिया जायजा

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलकराज बेहड़ ने पुरानी गल्ला मंडी में गोला नदी से हो रहे कटान व जलभराव का जायजा लिया तथा गौला नदी के किनारे रह रहे सभी लोगों को सावधानी बरतने को कहा। उल्लेखनीय है कि गोला बैराज से 55000 क्यूसेक जल को गोला में छोड़ा गया था जिसकी जानकारी उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा ने क्षेत्र में सभी लोगों को जारी की थी तथा सावधानी बरतने की बात भी कहीं। उधर रह रह कर कई दिनों से पर्वतीय अंचल तथा मैदानी इलाकों में हो रही बारिश से गोला का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। पुरानी गल्ला मंडी में गोला वर्षा काल में हमेशा कहर बरपाती रहती है।गत सायं विधायक तिलकराज बेहड़ ने पुरानी मंडी के रपटा पुल का निरीक्षण किया तथा मंडी में हो रहे भू कटाव को देखते हुए प्रशासन से लोगों की जान माल की रक्षा करने को कहा। सभासद पति जगरूप सिंह गोल्डी ने विधायक के साथ मंडी वार्ड की विभिन्न समस्याओं को रखते हुए वार्ड की समस्याओं के निस्तारण की मांग की सभासद पति जगरूप सिंह गोल्डी ने बताया कि वार्ड में अभी भी कई सड़कें बनाई जानी है



तथा जलभराव की समस्या से जनता को निजात दिलानी है। सभासद पति ने मांग की कि सड़कों के निर्माण के लिए विधायक निधि से धनराशि अवमुक्त कर खड़ंजा और सड़कों का निर्माण कराया जाना अति आवश्यक है। इस पर विधायक तिलकराज बेहड़ ने प्रस्ताव बनाने को कहा है।इस अवसर मुख्य रूप से वार्ड वासी महेश कोली, महेंद्र ठाकुर, मान सिंह जग्गा, महावीर प्रसाद, छेदा लाल, हरि सिंह हैप्पी, सुरजीत कौर, माया देवी, जमुना देवी आदि लोग मौजूद थे।

# कांग्रेस नेताओं ने स्वतंत्रता सेनानियों के उत्तराधिकारियों को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ग्राम छतरपुर फौजी मटकोटा पहुंचकर देश के महान स्वतंत्रता



संग्राम सेनानी राम सिंह सिरोही की उत्तराधिकारी उनकी पत्नी श्रीमती हरवीरी देवी और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हरेंद्र सिंह सिरोही की पत्नी श्रीमती शांति देवी को सम्मानित किया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय, देश के अमर शहीदों की जय, के नारे लगाए स इससे पूर्व बुधवार सुबह श्रीमती शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता ग्राम छतरपुर फौजी मटकोटा पहुंचे, जहां उन्होंने 2 परिवारों में पहुंचकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारीयों को फूल माला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया स यहां अपने संबोधन में श्रीमती शर्मा ने कहा कि आज ही के दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने नारा दिया था, करो या मरो और अंग्रेजों भारत छोड़ो। उन्होंने कहा कि आज हमें देश के अमर शहीदों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद करके उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए स इस अवसर पर पूर्व दर्जा राज्यमंत्री हरीश बावरा ने भी देश की आजादी में अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाले अमर शहीदों को याद किया, और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम को महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जगदीश तनेजा महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष दिनेश पंत, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रधान विजय यादव, बीवडीवसीव राकेश जोशी आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा ने किया। इस अवसर पर किसान कांग्रेस के अध्यक्ष रामदयाल सिंह, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव रामाधारी गंगवार, पंडित नरेश शर्मा, सुभाष गिरी, गुलाब सिरोही, बबीता सिरोही, चमन गिरी, विक्की प्रधान, राजेश कुमार, हरजीत सिंह, अरविंद सक्सेना, सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पंडित रामसुमेर शुक्ल की धर्मपत्नी को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अगस्त क्रांति दिवस पर महानगर कांग्रेस कमेटी ने किच्छा के पूर्व भाजपा विधायक राजेश शुक्ला के निवास पर पहुंचकर उनके पिता तराई के महान स्वतंत्रता सेनानी स्व. पंडित राम सुमेर शुक्ला जी की धर्मपत्नी श्रीमती अवसर पर अगस्त क्रांति के बलिदानियों को भी नमन किया गया। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित रामसुमेर शुक्ल ने देश की आजादी में अपना अहम योगदान दिया था साथ ही महीने में शुरू किया था। इसलिए यह दिन बेहद खास है। 9 अगस्त 1942 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अंग्रेजों भारत छोड़ो का आह्वान कर देश को आजाद कराने का अभियान तेज किया था। जिसके बाद पूरे देश के आजादी के



जानकी देवी शुक्ला को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनके आशीर्वाद लिया।महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा के नेतृत्व में महानगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी शुक्ला फार्म पहुंचे और किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला की माताजी श्रीमती जानकी देवी शुक्ला को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस उन्होंने तराई को आबाद करने में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानियों की बदौलत ही आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी में कई क्रांतिकारी योद्धाओं ने अपनी जान न्योछावर कर अमूल्य योगदान दिया और अंग्रेजों भारत छोड़ो अभियान इसी अगस्त दिवानों ने अपने प्राणों की परवाह न करते हुए देश को आजाद कराया, हमें इन बलिदानियों से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर पार्षद मोहन खेड़ा, महामंत्री सुनील आर्या, उपाध्यक्ष सतीश कुमार, गोपाल भसीन, सचिन शुक्ला, मोनू शुक्ला, नवीन पंत, रमेश बोरा, चन्द्रशेखर, संजीत, राजू आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रूद्रपुर के तरनजीत ने स्टार्टअप शिष्टमंडल में किया प्रतिभाग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गंगापुर रोड स्थित वसुन्धरा गुरबक्श ग्रीन कालोनी निवासी तरनजीत सिंह ने स्टार्टअप कार्यक्रम के अन्तर्गत बांग्लादेश में आयोजित शिखर सम्मेलन में देश के दस सदस्यीय शिष्टमंडल में शामिल होकर प्रतिभाग किया। इनकोकॉन कंपनी के सीईओ तरन जीत सिंह ने बताया कि भारत एवं बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के मध्य पूर्व में हुई बैठक में इस बात की सहमति बनी थी कि दोनों देशों के शिष्ट मंडल एक दूसरे के देशों में जाकर औद्योगिक विकास की संभावनाओं को तलाशेंगे और विचारों का आदान प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश में गत 29 से 31 जुलाई तक आयोजित हुए शिखर सम्मेलन में देश के दस सदस्यीय शिष्ट मंडल का चयन किया गया जिसमें उनका नाम भी शामिल था। तरनजीत ने बताया कि स्टार्ट अप के तहत बांग्लादेश के लिए एक्सचेंज प्रोगाम के लिए चयनित किया गया। शिखर सम्मेलन में बाईस देशों के शिष्ट मंडल ने प्रतिभाग किया था।भारतीय प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व इन्वेस्ट इंडिया और डीपीआ ईआईटी निदेशक सुमीत कुमार जारंगल ने किया। यह कार्यक्रम सीमा पार सहयोग को बढ़ावा देने, नवाचार प्रदर्शित करने और दोनों देशों के बीच विकास और सहयोग के अवसरों का पता लगाने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। शिखर सम्मेलन ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और वैश्विक साझेदारी बनाने का एक अविश्वसनीय अवसर प्रदान किया। जिससे भारत और बांग्लादेश दोनों में समृद्ध स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में योगदान मिला। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश में स्टार्ट अप के बारे में जानकारी साझा की। बांग्लादेश में उनकी बैठक बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त प्रणय वर्मा से हुई। साथ ही बांग्लादेश के आई टी मंत्री जुनेद अहमद और आईसीटी सचिव से हुई। तरनजीत सिंह ने जेसीज पब्लिक स्कूल से पढ़ाई की। पंतनगर यूनिर्वसिटी से वर्ष 2019 में बीटेक की पढाई पूरी कर देहरादून में स्टार्ट अप शुरू किया। वह अब चण्डीगढ़ से कार्यरत् है।







KOTIA ENTERPRISES
शुद्ध तेल खाओ, जीवन लम्बा बनाओ!
वीर
कच्ची घानी
शुद्धता में सर्वोत्तम
100% Pure
होम डिलीवरी उपलब्ध
Ward No.16 Kichha Road, Bagwara Rudrapur (U.S.Nagar)
Veer Singh Virk
Managing Director
Mob.+919837146811,7500035083
Email:veersingh.bagwara@gmail.com
खल सरसों (लाही) गेहूं (कनक)/धान/मटर/सोयाबीन,उच्च मूल्य पर खरीदने बेचने के लिए संपर्क करें

# स्वतंत्रता सेनानियों के उत्तराधिकारियों को किया सम्मानित

## 75 पौधे लगाकर शहीद लोगों को दी श्रद्धांजलि

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर निगम में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की शुरूआत बुधवार को स्वतंत्रता सेनानियों और उनके परिजनों के सम्मान के साथ हुई। मेयर रामपाल और पार्षदों ने शिलाफलम कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानियों और उनके परिवारजनों को पुष्प वर्षा एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा शहीद स्मारक प्रांगण में 75 पौधे लगाये तथा वहां उपस्थित सभी लोगों ने हाथ में शहीद स्मारक की मिट्टी लेकर पंचप्रण की शपथ भी ली। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने पार्षदों के साथ शहीद स्मारक पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अमर शहीद जोगा सिंह और राम कुमार आर्या के बलिदान को याद किया गया। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों की वजह से हमें आजादी मिली। मातृभूमि के प्रति उनका बलिदान और प्रेम हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। वे हमें अपने देश को मजबूत करने के लिए प्रेरित करते हैं क्योंकि देश के प्रति उनका प्यार हमें एक साथ बांधता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने देश को आजाद करने के लिए जो योगदान दिया उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। आज ऐसे राष्ट्रभक्तों के बताये मार्ग पर हम सबको चलने की जरूरत है। इसी से देश एक मजबूती से आगे बढ़ेगा। मेयर ने कहा कि आज मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की शुरूआत पूरे देश में हुयी हैं जिससे युवा को अपने स्वतंत्रतता सेनानियों को जानने का अवसर मिलेग और इससे राष्ट्रभक्ति की भावना मजबूत होगी। मेयर ने कहा कि हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बात पर बहुत जोर दिया है कि हमें राष्ट्र निर्माण में खुद को पूरी तरह और जिम्मेदारी से निवेश करना चाहिए ताकि भारत एक आत्मनिर्भर और दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश बन सके। इस अवसर पर स्वर्ण सिंह, दर्शन सिंह, शिव कुमारी, हेमलता अंजली पांडे, गुलाबी देवी, उदयभान सिंह, विजय नाथ, अवनिंद्र कुमार, जी सी परगाई, हरेंद्र नाथ पांडे, हरीश चंद्र पांडे, दयाशंकर पांडे, जगन्नाथ प्रसाद, सत्येंद्र कुमार गुप्ता, नारायण सिंह, प्रेम प्रकाश, अनिल कुमार, विनोद कुमार, चंद्र प्रकाश यादव, राजेश कुमार, लाल चंद्र, ओम प्रकाश, ज्ञानचंद, धर्म चंद्र, प्रेमचंद, शोभावती चंद्रशेखर, अभिषेक शर्मा, आशीष सिंह, आनंद मणि, दीपचंद भट्ट, अंकुर सिंह, विजय प्रकाश गुप्ता, कमलेश त्रिपाठी, ओमप्रकाश, दलबीर सिंह, सुरेंद्र कुमार चौधरी, रेवाधार जोशी, राधेश्याम, नवनीत मिश्रा, विजय कुमार द्विवेदी, नरेंद्र राजभर, डॉक्टर अभिषेक गुप्ता, डॉक्टर ज्योति प्रकाश गुप्ता, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल,प्रभारी अधिशासी अधिकारी गजेंद्र पाल,मनोज कुमार गहतोड़ी, सागर नेगी, भूपेंद्र सिंह, हरिश्चंद्र जोशी, गोरखनाथ, ओमप्रकाश वर्मा, हेमलता देवी, सुभाष चंद्र मिश्रा, डॉक्टर हर्षपाल सिंह चंडोक, दीपक पंत, मनोहर चंद लोहनी, हरेंद्र नाथ पांडे, वशिष्ठ कुमार, पार्षद विधान राय निमित्त शर्मा सुशील चौहान, भुवन गुप्ता,राकेश सिंह, शैलेंद्र रावत, विनय विश्वास, सुनील कुमार वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।





गुरू मां
GURU MAA ENTERPRISES

AC चाहिए ?
आधार लाये, उधार ले जायें...
0% BAJAJ FINSERV
UP TO 50% OFF
सबसे ज्यादा कैशबैक
0% ब्याज मुक्त फाइनेंस
खरीदारी के दिन डिलीवरी
Guru Maa Enterprises
हल्द्वानी: तिकोनिया मो- 9837077682; चर्च कम्पाउंड मो- 9690256666; पिली कोठी मो- 9997207007
रुद्रपुर: काशीपुर बाईपास रोड मो- 9927882338, 9568869000
काशीपुर: चीमा चौराहा मो-7455045084; रामनगर रोड मो-9917161111
गदरपुर: गुरूनानक इंटरप्राईजेज पंजाबी कालोनी गली मो-9927850999

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### जलवायु परिवर्तन और बढ़ता तापमान

बढ़ते तापमान की समस्या के समाधान के तौर पर ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने पर जोर दिया जाता है। लेकिन जो विकसित और धनी देश सबसे ज्यादा ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार हैं, वे अपने ऊपर से यह जिम्मेदारी टालते रहते हैं। इसके बाद दुनिया के वैसे विकासशील देशों पर इसका बोझ डालने की कोशिश होती है, जो अपेक्षया इस समस्या के लिए कम जिम्मेदार हैं। दुनिया भर में जलवायु परिवर्तन और बढ़ते तापमान को लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। इस मसले पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन होते रहते हैं और उनमें वैश्विक स्तर पर तापमान में बढ़ोतरी के कारणों और उसके समाधान पर विचार किया जाता है। लेकिन जमीनी स्तर पर इस सबका हासिल क्या रहा है, यह छिपा नहीं है। हालत यह है कि तापमान में बढ़ोतरी की समस्या अब ऐसी शक्ल अख्तियार करती जा रही है, जिसमें ऐसा लगता है मानो बहुत कुछ हाथ से छूट रहा हो। मसलन, इस साल जुलाई महीने को अब तक के सबसे गर्म महीने के तौर पर दर्ज किया गया है। यूरोपीय जलवायु निगरानी संगठन ने मंगलवार को आधिकारिक रूप से इस बात की पुष्टि की है कि इस वर्ष के जुलाई माह ने गर्मी के पिछले सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। इसके अलावा, यूरोपीय संघ के अंतरिक्ष कार्यक्रम की इकाई 'कोपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस' ने मंगलवार को बताया कि जुलाई में दुनिया का औसत तापमान 16.95 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह 2019 में दर्ज सबसे ज्यादा औसत तापमान से करीब एक तिहाई सेल्सियस अधिक है। तापमान में यह अंतर इसलिए भी दुनिया की चिंता बढ़ा रही है कि वैज्ञानिक इसे असामान्य बता रहे हैं। आमतौर पर वैश्विक तापमान का रिकार्ड एक डिग्री के सौवें या दसवें अंतर से टूटता है। इस बार तापमान का जो अप्रत्याशित रुख दिखाई दे रहा है, वह आम लोगों और पृथ्वी, दोनों के लिए घातक परिणाम देने वाला साबितअ हो सकता है। पिछले कुछ समय से मौसम के अति कठोर होते जाने की वजहें तापमान के इसी उतार-चढ़ाव में छिपी हैं। अमेरिका के दक्षिण-पश्चिम और मेक्सिको में जानलेवा गर्म हवाएं चल रही हैं तो यह बेवजह नहीं है। अब अगर दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी बढ़ते तापमान की वजह से बिगड़ते हालात की खबरें आ रही हैं, तो यह एक तरह से गहराती समस्या की ही कड़ियां हैं। विडंबना यह है कि आए दिन होने वाली बैठकों में वैज्ञानिक और पर्यावरणविद जलवायु में आती विकृति के लिए कोयला, तेल और प्राकृतिक जीवाश्म ईंधन के उपयोग से जलवायु की निरंतरता में होने वाले बदलाव को जिम्मेदार ठहराते हैं। तात्कालिक स्तर पर इस मसले के हल के लिए कुछ बिंदुओं पर सहमति भी बनती है। लेकिन फिर कुछ समय बाद सब कुछ पहले की तरह चलने लगता है। सवाल है कि अगर कार्बन उत्सर्जन को बढ़ते तापमान का एक अहम कारक माना जा रहा है और वैश्विक सम्मेलनों में इस पर अंकुश लगाने के लिए रूपरेखा बनाई जाती है तो वह अब तक जमीन पर क्यों नहीं उतर सकी है। या फिर क्या इस मसले पर तय मानकों को ज्यादा व्यावहारिक बनाए जाने की जरूरत है, ताकि विकासशील देशों को भी इस पर गौर करना जरूरी लगने लगे? बढ़ते तापमान की समस्या के समाधान के तौर पर ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने पर जोर दिया जाता है। लेकिन जो विकसित और धनी देश सबसे ज्यादा ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार हैं, वे अपने ऊपर से यह जिम्मेदारी टालते रहते हैं। इसके बाद दुनिया के वैसे विकासशील देशों पर इसका बोझ डालने की कोशिश होती है, जो अपेक्षया इस समस्या के लिए कम जिम्मेदार हैं। इस खींचतान का नतीजा यह है कि दिनोंदिन हालात बिगड़ते जा रहे हैं। बढ़ते तापमान की वजह से कई देशों में बेलगाम गर्मी, जंगलों में आग लगने से लेकर हिमनदों के पिघलने और समुद्र का स्तर ऊंचा होने को लेकर आशंकाएं गहराती जा रही हैं। जरूरत इस बात की है कि इस मसले पर चिंता जताने से आगे बढ़ कर दुनिया के सभी देश किसी ठोस और व्यावहारिक हल तक पहुंचें।

# नौकरशाही की मनमानी से नहीं हो पा रहा लागू आधे घंटे के भोजनावकाश का नियम

## सूचना आयोग के आदेश पर जारी 2006 के शासनादेश का अभी भी पालन नहीं

काशीपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में नौकरशाही पर मनमानी के आरोप लगातार लगाये जाते हैं इसका एक बड़ा उदाहरण उत्तराखंड के सरकारी कार्यालयों में आधे घंटे के भोजनावकाश के नियम का पालन न होना है। इसके लिये उत्तराखंड सूचना आयोग द्वारा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन की शिकायत पर 2005 में किये गये आदेश पर 04 जनवरी 2006 को शासनादेश भी जारी किया गया जो अभी भी लागू हैं। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन ने उत्तराखंड शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के लोक सूचना अधिकारी से उत्तराखंड के सरकारी कार्यालयों में वर्तमान में लागू भोजनावकाश के समयों का विवरण की सूचना मांगी थी। इसके उत्तर में सामान्य प्रशासन विभाग के लोक सूचना अधिकारी/अनुभाग अधिकारी हरदयाल बुडाकोटी द्वारा अपने पत्रांक 889 के साथ शासनादेश संख्या 994 दिनांक 04 जनवरी 2006 की सत्यापित फोटो प्रति उपलब्ध करायी गयी है। इस शासनादेश में प्रतिलिपि मुख्य सूचना आयुक्त को उनके पत्र संख्या 60/मु.सू.आ./2005 दिनांक 03-12-2005 के संदर्भ में सूचित भी दर्शायी गयी है। श्री नदीम को उपलब्ध शासनादेश 994 के अनुसार सरकारी कार्यालयों में मध्याहन भोजन का समय 1 बजे से 2:30 बजे के मध्य केवल आधे घंटे का होगा और इस अवधि में ही प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी मध्याहन भोजन के लिये जायेंगे। वरिष्ठ अधिकारी अपने कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों के आधे घंटे के मध्याहन भोजन का समय इस प्रकार निर्धारित करेंगे कि एक बार में लगभग एक तिहाई कर्मचारी ही मध्याहन भोजन पर जायें। जहां पर एक अधिकारी व एक कर्मचारी ही हैं वहां पर वे आपस में मध्याहन भोजन का समय इस प्रकार तय करेंगे कि उसमें से एक कार्यालय में अवश्य उपस्थित रहे। शासनादेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि मध्याहन भोजन की विभिन्न अवधियों में जाने वाले कर्मचारियों की सूची विभाग में टांगी जाये। समस्त विभागाध्यक्ष एवं कार्यालयाध्यक्ष अपने विभागों एवं कार्यालयों में इस शासनादेश के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराने के लिये उत्तरदायी होगा। श्री नदीम ने बताया कि वाणिज्य कर विभाग के लोक सूचना अधिकारी डिप्टी कमिश्नर (कर निर्धारण) काशीपुर से सूचना अधिकार लागू होने के प्रथम कार्य दिवस 13-10-05 को अपने प्रार्थना पत्र सं02 से भोजनावकाश के समय से सम्बन्धित सूचना मांगी गयी। उनके द्वारा स्पष्ट सूचना उपलब्ध न कराने पर उत्तराखंड राज्य सूचना आयोग को शिकायत की गयी। इस शिकायत पर आदेश सं. 60/मु.सू.आ./2005 दिनांक 13-12-05 उत्तराखंड में सभी सरकारी कार्यालयों में कर्मचारियों के समय पालन सुनिश्चित कराने तथा भोजनावकाश का आधे घंटे का समय नियत करने व उसकी सूची कार्यालयों में लगाने के निर्देश दिये गये। इसके अनुपालन में उत्तराखंड शासन द्वारा शासनादेश सं. 994/XXXI (13) 6/2005 दि. 04 जनवरी 2006 जारी करके समय पालन सुनिश्चित कराने का आदेश दिया गया था। कुछ समय तक उसका कुछ कार्यालयों में पालन हुआ लेकिन उसके उपरान्त फिर मनमाने ढंग से कर्मचारी, अधिकारियों ने भोजनावकाश के बहाने घंटों कार्यालय से गायब रहना शुरू कर दिया।

## गायब किशोरी का पुलिस नहीं लगा सकी सुराग

काशीपुर(उद संवाददाता)। पिछले कुछ दिनों से बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता एक किशोरी का पुलिस अब तक कोई सुराग नहीं लगा सकी। घटना के बारे में कटोरा ताल चौकी प्रभारी को लिखित तहरीर देकर वार्ड संख्या 39 मोहल्ला विजय नगर नई बस्ती प्रभात कॉलोनी निवासी मोहम्मद हनीफ पुत्र अब्दुल रशीद ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री अलीशा पिछले कुछ दिनों से बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसने तमाम संभावित स्थानों पर तलाश के अलावा रिश्तेदारी में भी पता किया लेकिन गायब किशोरी का कहीं कोई पता नहीं चल सका है। अनहोनी की आशंका को लेकर परिजनों के चेहरे फक पड़े हैं। पुलिस अब तक गायक किशोरी को तलाश करने में नाकाम रही।



## बाइक चोरों का बढ़ रहा आतंक

किच्छा(उद संवाददाता)। मोटरसाइकिल चोरों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है जहां पुलिस मोटर साइकिल चोरों की धर पकड़ कर रही है। वही मोटरसाइकिल चोर भी दो कदम आगे बढ़कर मोटरसाइकिल चोरी में लिप्त है। बीते माह जुलाई में चोरों द्वारा आधा दर्जन से ज्यादा मोटरसाइकिल पर हाथ साफ किया गया जिनमें से कई मोटरसाइकिल पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोर सहित बरामद कर ली है किंतु ग्राम दरऊ निवासी मोहम्मद इकबाल की बुलेट मोटर साइकिल संख्या यूके 06 एआर 8519 अभी तक बरामद नहीं हो पाई है। मोटरसाइकिल जगह जगह तलाश कर चुका है किंतु अभी तक मोटर साइकिल स्वामी इकबाल को सफलता नहीं मिली है। हालांकि पुलिस ने बुलेट मोटर साइकिल चोरी किए जाने की सूचना दर्ज की हुई है। माह बीत जाने के बाद भी मोटरसाइकिल बरामद ना हो पाना पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि स्टेट बैंक के आस-पास विभिन्न जगहों पर सीसी कैमरे भी लगे हुए हैं किंतु शातिर मोटरसाइकिल चोर इन कैमरों की नजरों में भी नहीं आ पाया है।

## नये ट्रांसफार्मर में आई खराबी

रामनगर (उद संवाददाता)। करीब 4 दिन पूर्व रामनगर में घास मंडी स्थित विद्युत सब स्टेशन में लगे 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर में अचानक खराबी आने के कारण शहर की विद्युत आपूर्ति 3 दिन तक ठप हो गई थी जिससे पेयजल आपूर्ति पर भी इसका भारी असर पड़ा था विद्युत आपूर्ति से आक्रोशित लोगों की विभाग के लोगों के साथ तीखी नोकझोंक भी हुई थी लेकिन 3 दिन बाद विभाग द्वारा नया ट्रांसफार्मर लगाने के बाद सुचारू हुई विद्युत आपूर्ति से अधिकारियों ने राहत की सांस ली थी लेकिन बुधवार की सुबह अचानक इस नए ट्रांसफार्मर अचानक तकनीकी कमी आने के बाद अधिकारियों की नींद उड़ गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अधिशासी अभियंता बेगराज सिंह ने बताया कि नया ट्रांसफार्मर लगाए जाने की कार्यवाही की जा रही है तथा शहर की विद्युत आपूर्ति इस बार बाधित नहीं होगी उन्होंने बताया कि इस बार शहर को चिलकिया एवं पुछड़ी क्षेत्र से जोड़ दिया गया है तथा कंपनी द्वारा इस बार ट्रांसफार्मर का खर्चा स्वयं बहन किया जाएगा उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से सहयोग की अपील करते हुए धैर्य बनाए रखने की बात कही है।

## सर्वदलीय संघर्ष समिति ने दिया धरना

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण को समाप्त करने की मांग को लेकर सर्वदलीय संघर्ष समिति के बैनर तले अल्मोड़ा के लोग पालिकाध्यक्ष प्रकाश चन्द्र जोशी के नेतृत्व में विगत 6 वर्षों से निरन्तर गांधी




पार्क चौहानबाटा अल्मोड़ा में धरना देते आ रहे हैं।विदित हो कि नवम्बर 2017 में अल्मोड़ा सहित समूचे पर्वतीय क्षेत्र में प्रदेश सरकार द्वारा जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण लागू कर दिया गया था जिसका विरोध लगातार जारी है। धरने को सम्बोधित करते हुए समिति के संयोजक एवं पालिकाध्यक्ष प्रकाश चन्द्र जोशी ने कहा कि भाजपा सरकार केवल विज्ञापनों के माध्यम से अपनी पीठ खुद थप थपा रही है लेकिन जनता की समस्याओं से उसे कोई लेना देना नही है। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्सअल्मोड़ा की जनता लगातार पांच वर्षो से जिला विकास प्राधिकरण को समाप्त करने के लिए धरना दे रही है पर प्रदेश सरकार सुनने को तैयार नहीं हैनवंबर 2017 में भाजपा सरकार ने तुगलकी फरमान से पूरे प्रदेश में जनविरोधी जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण को लागू कर दिया।प्राधिकरण लागू करने से पहले सरकार ने अल्मोड़ा जैसे पर्वतीय जिले की भौगोलिक स्थिति का भी आकलन नहीं किया। अल्मोड़ा जैसे नब्बे प्रतिशत तक बस गए शहर में प्राधिकरण लागू करने का कोई औचित्य ही नही है। भाजपा के दो दो मुख्यमंत्रियों के प्राधिकरण समाप्त की घोषणा के बाद भी इसे समाप्त ना किया जाना समझ से परे है। सरकार अवलंब इस जनविरोधी प्राधिकरण को समाप्त करे। अभी भी वक्त है सरकार नीद से जागे और अविलंब इस जनविरोधी प्राधिकरण को समाप्त कर भवन मानचित्र स्वीकृति संबंधित समस्त अधिकार नगर पालिका को दे। उन्होंने अन्य जनप्रतिनिधियो से भी मांग की कि वह भी जनहित में जनता की इस बेहद गंभीर समस्या के लिए संघर्ष समिति के साथ आए और सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करने का काम करें। धरने में मुख्य रूप से पालिकाध्यक्ष प्रकाश चन्द्र जोशी, सभाषद हेम चन्द्र तिवारी ,अवनी अवस्थी ललित मोहन पंत,एम सी काण्डपाल,प्रताप सत्याल, आनन्द सिंह बगडवाल, शहाबुद्दीन लक्ष्मण सिंह ऐठानी, चन्द्रशेखर बनकोटी शामिल रहे।

## यूथ कांग्रेस की वार्ड इकाई का गठन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महानगर यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा ने शास्त्री नगर, संजय नगर में वार्ड यूथ कांग्रेस का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष की जिम्मेदारी रवि को सौंपी गई। मुख्य अतिथि उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने महानगर यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा के साथ रवि को वार्ड यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष का मनोनयन पत्र सौंपा। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश से भाजपा की अब उल्टी गिनती शुरू हो गई है, लोगों का भाजपा से अब मोहभंग हो रहा है, उन्होंने कहा कि निकाय और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस जबरदस्त तरीके से वापसी करेगी, उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से जी जान से इन चुनावों में जुटने का आह्वान किया।इस अवसर पर रणजीत सिंह राणा ने कहा कि महानगर में एक अभियान के तहत बड़ी संख्या में युवाओं को कांग्रेस के साथ जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि निकाय और लोकसभा चुनाव से पूर्व 1 बूथ 20 यूथ के फार्मूले पर काम करते हुए पार्टी को मजबूत किया जाएगा। कार्यक्रम में महानगर यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, कांग्रेस नेता जमुना प्रसाद कोली, सनी जोहरी, कौशल कुमार, कुमकुम सक्सेना, प्रीतम, विवेक, दिनेश, प्रवीण, मोंटू, अरविंद, मनोज कुमार,राजेश, सहित बड़ी संख्या में अन्य यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## आश्रम पद्धति विद्यालय में गोष्ठी आयोजित

गूलरभोज(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय आदिवासी दिवस पर राजकीय आश्रम पद्धति बालिका उमा विद्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्राओं ने भाषण और पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया सुहानी,शिवानी, अर्पिता ,प्रियंका, दीपशिखा राणा ,माही ,खुशी ,नव्या ,मानवी, महिमा ,कोमल आदि छात्रों ने गोष्ठी में अपने विचार रखें। वक्ताओं ने आदिवासियों के जीवन संघर्ष रीति रिवाज पर प्रकाश डाला कहा कि आदिवासियों ने जल ,जंगल व जमीन का संरक्षण कर इसी को जीवन का आधार भी बनाया आदिवासियों की इस नीति को आज विश्व समुदाय भी इसके संरक्षण को प्रतिबद्ध हो रहा है। इस मौके पर किशोर कुमार ,शिखर चंद अधिकारी ,परनीलम राणा ,बृजेश त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित थे।

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त करवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रूद्रपुर
05944-246817

# अल्मोड़ा कारागार परिसर में धूमधाम से मना अगस्त क्रांति दिवस

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। अगस्त क्रांति दिवस ऐतिहासिक अल्मोड़ा कारागार परिसर में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नेहरू वार्ड में पंडित जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर का अनावरण किया गया तथा द्वीप प्रज्वलित कर नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, डीसीबी चेयरमैन ललित लटवाल, जिलाध्यक्ष कांग्रेस भूपेंद्र सिंह भोज तथा अन्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन गिरीश मल्होत्रा द्वारा किया गया। इस दौरान जेल परिसर में सभी के द्वारा नेहरू जी समेत सभी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी गई। ऐतिहासिक अल्मोड़ा जेल में जवाहर लाल नेहरू, बद्रीदत्त पांडे, हरगोविंद पंत, सैयद अली जहीर, खान अब्दुल गफ्फार खान, दुर्गा सिंह रावत समेत अन्य क्रांतिकारी नेता निरुद्ध रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन की याद में यह अगस्त क्रांति दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानी के सम्मान को बनाए रखने हेतु सभी नागरिकों को अपने अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए,उनके आदर्शों का सम्मान करना चाहिए। पूर्व विधानसभा



उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता के लिए बहुत से स्वतंत्रता सेनानियों ने बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि 9 अगस्त का दिन भारत छोड़ो आंदोलन की अगस्त क्रांति में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले सैनानियों को याद करने का दिन है। कार्यक्रम में एडम्स कॉलेज, मंगल दीप स्कूल,मानस पब्लिक स्कूल, कुर्मांचल पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा सुंदर प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोहित किया गया। इस दौरान बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य तथा भाषण के माध्यम से समा बांधा। मंगल दीप स्कूल के मूक बधिर बच्चों ने भी देश भक्ति गीत एवं नृत्य किए। सभी वक्ताओं ने भारत छोड़ो आंदोलन के इतिहास, तत्कालीन परिस्थितियों आदि के बारे में अपने अपने विचार रखे तथा कहा कि अल्मोड़ा की जेल एक ऐतिहासिक जेल है। इस जेल से बहुत से वीर स्वतंत्रता सेनानियों का इतिहास जुड़ा हुआ है।इस दौरान कारागार प्रशासन द्वारा जेल रेडियो का आयोजन कर जेल परिसर की दिनचर्याओं के बारे में विस्तार से बताया गया। जिसकी सभी ने प्रशंशा की। जेल अधीक्षक जयंत पांगती ने कहा कि आज परिस्थितियां पूर्व की अपेक्षा काफी बदल गई हैं। उन्होंने जेल के बारे में कहा कि यह बंदी गृह न होकर सुधार गृह है। यहां अपराधियों को स्वसुधार हेतु प्रेरित किया जाता है। इस दौरान मंगलदीप विद्यालय की संस्थापक मनोरमा जोशी, तहसीलदार दिलीप सिंह, वरिष्ठ प्राध्यापक बीडीएस नेगी, रेडक्रॉस के चेयरमैन मनोज सनवाल, पीसी तिवारी, समेत अन्य पदाधिकारी तथा गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारों को किया सम्मानित

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन के तत्वावधान में नगर पालिका हाल में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसका शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के



परिवारों के सदस्यों को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग एवं संघर्ष को याद कर अगस्त क्रांति के इतिहास एवं महत्व पर प्रकाश डाला गया। स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्राधिकारी संगठन के अध्यक्ष मनोहर खाती, मंत्री पंकज भट्ट, संरक्षक केडी भट्ट, उद्बोधक राजेश मोहन उप्रेती आदि उपस्थित थे।

# काकोरी कांड के नायकों का भावपूर्ण स्मरण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।काकोरी कांड की 98 वीं जयंती पर उत्तर प्रदेश लोकतंत्र सेनानी संघ ने इस कांड के नायकों का भावपूर्ण स्मरण किया और उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। लोकतन्त्र सेनानी एडवोकेट सुभाष चंद्र छाबड़ा ने कहा ऐसे ही क्रन्तिकारी वीरों के बल पर ही देश को आजादी मिली ना कि चरखा आजादी ले कर आया इन चरखे वालों ने देशवासियों को डरपोक बनाया और क्रांति से विमुख किया अगर ये क्रांतिकारी लोग नहीं होते तो देश मे आजादी के लिए




कभी उमंग पैदा नहीं होती देश इन शहीदों का हमेशा कर्जदार रहेगा जिन्होंने आजादी की बुनियाद रखीं अगर ये शहीद लोग जीवित रहते तो देश कभी तकसीम नहीं होता और पाकिस्तान नाम की भी कोई चीज नहीं होती। लोकतन्त्र सेनानी के. एल. तागरा ने कहा इन क्रांतिकारियों को याद करके आज भी क्रांति का अहसास होता है, काकोरी कांड देश की आजादी के इतिहास में एक ऐसी घटना है जो हमें हमेशा प्रेरणा देती रहेगी। लोकतन्त्र सेनानी सूरजप्रकाश गुलाटी ने कहा कि आज हम जिस खुली हवा में सांस ले रहे हैं वो इन्हीं क्रन्तिकारियों की बदौलत ही ले रहे हैं। लोकतन्त्र सेनानी कृष्ण लाल अरोड़ा, नरेश रस्तोगी, अशोक जायसवाल, सुरेश कुमार पुंशी, जुगल किशोर बाम्बा तथा स्नेहपाल समेत तमाम लोकतन्त्र सेनानी तथा गणमान्य लोगों ने शहीद क्रन्तिकारियों चंद्रशेखर आजाद,अशफाक उल्लाखान, रामप्रसाद बिस्मिल, रोशन सिंह लाहिड़ी के प्रति अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# देघाट में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। देघाट पुलिस ने राजस्व विभाग व पीडब्ल्यूडी के साथ संयुक्त अभियान चलाकर अतिक्रमण ध्वस्त किया। इस दौरान अतिक्रमणकारियों में हड़कम्प मचा रहा। एसएसपी राम चन्द्र राजगुरू के निर्देश पर अतिक्रमण के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष देघाट राहुल राठी के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा राजस्व विभाग व पीडब्ल्यूडी की टीम के साथ संयुक्त अभियान चलाकर देघाट बाजार में स्थानीय दुकानदारों द्वारा किए



गए अवैध स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण को जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त किया। इसके उपरांत संयुक्त टीम द्वारा स्थानीय दुकानदारों व लोगों को अतिक्रमण के प्रति जागरूक करते हुए सड़कों को अतिक्रमण मुक्त रखने भविष्य में अतिक्रमण पाए जाने पर चालानी कार्यवाही की सख्त हिदायत दी गई।

# कोई निंदा करे तो शांति से सह लोगः पंडित विजय कुमार

गदरपुर (उद संवाददाता)।श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार गदरपुर में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के नवम दिवस की कथा करते हुए कथा वाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने कहा कि तुम्हारी कोई निंदा करें तो शांति से सह लो उस समय ऐसा मान लो कि वह निंदक मुझे मेरे दोषों का भान करा रहा है,



मेरे पाप धो रहा है, कुछ लोगों का स्वभाव ऐसा होता है की निंदा रस में डूबे बिना उनका खाना ही नहीं पचता, इस दुनिया ने किसी को नहीं छोड़ा सभी की निंदा की, भगवान बड़े दुख से कहते हैं कि मानव कल्याण के लिए मनुष्य अवतार लेकर मैं इस धरती पर आया था फिर भी लोगों ने मेरी निंदा की।आज के प्रसाद की सेवा वरिष्ठ समाजसेवी अशोक पोपली एवं सुरेंद्र पोपली (बंटी पोपली) के परिवार द्वारा दी गयी।

# राहुल की सांसदी बहाल होने पर कांग्रेसियों ने बांटे मरीजों को फल

काशीपुर(उद संवाददाता)। सुप्रीम कोर्ट द्वारा राहुल गांधी की सांसदी बहाल किए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्ष का इजहार करते हुए स्थानीय एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय पहुंचकर रोगियों को फल वितरित करते हुए उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। ज्ञातव्य है कि निचली अदालत द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को दी गई सजा पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान रोक लगा दी। न्यायालय के इस फैसले का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत करते हुए इसे सच्चाई की जीत बताया। कांग्रेस के युवा नेता अर्पित मल्होत्रा ने कहा कि भाजपा की हकीकत आम समाज पूरी तरह समझ चुका है। परिवर्तन की आंधी में मिशन 2024 भाजपा झेल नहीं पाएगी। वह तिनके के मानिंद उड़ जाएगी और एक बार फिर से देश की सत्ता पर कांग्रेस का परचम फहराएगा। अल वितरण कार्यक्रम में शशांक सिंह, अर्पित मेहरोत्रा, जय सिंह गौतम, शफीक अहमद अंसारी, विनोद शर्मा होंडा, आशीष अरोरा, जितेंद्र सरस्वती, इंदुमांन, अलका पाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



# अवैध शराब सहित एक गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत चौकी कलकत्ता फार्म थाना किच्छा पुलिस द्वारा गश्त के दौरान प्रधान लाइन से तिल्यापुर जाने वाले रास्ते पर अभियुक्त अमरीक सिंह पुत्र सज्जन सिंह निवासी शक्ति फार्म थाना सितारगंज जनपद उधम सिंह नगर को मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस संख्या यूके 06बीबी3688 में एक पीले कट्टे के अंदर अवैध कच्ची शराब के 105 पाउच लगभग 35 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है।पुलिस टीम मे दिनेश चंद्र भट्ट प्रभारी चौकी कलकत्ता फार्म,हे0 का0 राकेश भट्ट,का0 नीरज जोशी शामिल थे।



## पेज एक का शेष...

**दीवार गिरने से बच्ची और...**भी डूबने लगी। आनंद ने किसी तरह दृष्टि को तो बचा लिया लेकिन पानी में आकांक्षा का कहीं पता नहीं चला। कुछ देर बाद जब वह मिली तो बेहोश हो चुकी थी। मौके पर परिजन तत्काल उसे हिमालय अस्पताल लेकर गए। जहां आंकाक्षा को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं लक्ष्मण झूला चौरासी कुटिया के पास गुरुवार की सुबह साढ़े छह बजे एक दीवार गिर गई। दीवार के मलबे की चपेट में दो साधु आ गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।इनमें से एक साधु को तो बचा लिया गया, लेकिन दूसरे साधु की मौत हो गई। उधर, गंगा चेतावनी रेखा से पार पहुंच गई है। फिर भी अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। अलाउसमेंट कर लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी दी जा रही है।

**रूद्रपुर में सीलिंग की ...**पर हठधर्मिता का आरोप लगाया। मगर प्रशासन की सख्ती के चलते किसी की एक नही चली। मजबूरन सीलिंग की भूमि पर बैठे इदरीश,जुनैद खान, अयूब खान और जितेन्द्र कोली आदि व्यापारियों ने अपना सामान निकालना शुरू कर अपने टीन शैड खोलने शुरू कर दिये। व्यापारियों का कहना था कि उन्हे अतिक्रमण हटाने के लिये महौलत दी गई थी लेकिन आज प्रशासन जेसीबी मशीन लेकर यहां पहुंच गया। बहरहाल प्रशासन की सख्ती के चलते सीलिंग की भूमि पर दुकाने बनाकर बैठे व्यापारियों ने अपना सामान निकालकर दुकानों को हटाने का काम शुरू कर दिया।

**१३ अगस्तको निकलेगी...**लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ साथ आम जनता में भी भारी उत्साह है। इस यात्रा से लोगों में देश भक्ति की भावना मजबूत होगी। यात्रा में केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट भी पहुंचेंगे साथ ही पांच हजार से अधिक लोग इसमें भागीदारी करेंगे। श्री अरोरा ने 13 अगस्त को शाम तीन बजे प्रस्तावित इस यात्रा में अधिक से अधिक लोगों से भागीदारी की अपील की। पत्रकार वार्ता में धीरेश गुप्ता, सुशील गाबा, सुनील यादव, बिट्टू चौहान, मयंक कक्कड़, अनूप दत्ता, मुकेश रस्तोगी, मदन दिवाकर, विधान पांडेय, धर्मेंद्र गंगवार, राजेश जग्गा, गिरीश राठौर, आनंद, सचिन पाठक, राजीव गुप्ता,भूपराम लोधी, महि सकलानी, राकेश लोधी, कैलाश राठौर, संजय आर्य, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**एक ही रात में तीन...**व्यापारियों में आक्रोश है। व्यापारी अपने आप को सुरक्षित नहीं दिख रहे हैं। जिस तरह शहर में लगातार हो रही चोरी की वारदात में पुलिस गश्त की पोल खोल कर रख दी है। व्यापार मंडल के महामंत्री गुरनाम सिंह ने ने व्यापारियों के साथ पुलिस को जल्द खुलासे की मांग की है।

**पोस्टमार्टम हाउस की...**के दक्षिण और बाउंड्री वॉल लगभग 100 फिट है जिसमें से 40 मी बाउंड्री वॉल रात मूसलाधार बारिश की चपेट में आकर ध्वस्त हो गया जबकि बच्चा लगभग 60 फीट दीवार बड़े खतरे का संकेत देते हुए पूरी तरह एक और झुक चुकी है। यानी पोस्टमार्टम हाउस के दक्षिण दिशा की ओर निर्मित बाउंड्री वॉल कभी भी मलबे में तब्दील होकर बड़े हादसे का सबब बन सकता है।

**गौरीकुंड भूस्खलन में ...**11.30 बजे गौरीकुंड डाटपुल के समीप भारी भूस्खलन से हाईवे किनारे बनी तीन दुकानें भी बह गई थी जिसमें 23 लोग बह गए थे। जिनमें से तीन शव मिल गए थे। आज एक और शव मिला है। अन्य लापता लोगों की तलाश जारी है।

**फोन पर पुलिस...**होने पर क्षेत्रवाद को लेकर भी आरोपी द्वारा अपशब्दों का प्रयोग किया गया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में उपयोग पंजीकृत करते हुए उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

# हल्द्वानी में कई जगह पेयजल सप्लाई ठप

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। प्रदेशभर के कई जिलों में हो रही बारिश ने तबाही मचाई हुई है। हल्द्वानी में लगातार हो रही बारिश के बाद कई जगह सड़के तालाब में तब्दील हो गई है। वहीं बारिश के बाद शहर में कई जगह पेयजल सप्लाई करने वाला फिल्टर प्लांट भी बंद हो गया हैं। बताया जा रहा है कि फिल्टर प्लांट में सिल्ट जम गई है। लिहाजा पेयजल व्यवस्था भी बाधित हुई है। रोजाना हल्द्वानी शहर में पेयजल के लिए 37 एमएलडी पानी की आवश्यकता होती है। जो की गौला नदी पर निर्भर है। भारी बारिश के बाद गौला नदी से पानी के साथ फिल्टर प्लांट में सिल्ट भर गया है। जिसे लेकर जिलाधिकारी ने फिल्टर प्लांट की सफाई के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी वंदना सिंह का कहना है की जेसीबी लगाकर फिल्टर प्लांट से सिल्ट साफ कराई जा रही है। जल्द से जल्द शहर में पेयजल आपूर्ति करने के निर्देश दिए गए हैं। जब तक फिल्टर प्लांट की सफाई नहीं हो जाती तब तक टैंकर व अन्य माध्यम से शहर में पानी की सप्लाई की जा रही है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# कैबिनेट मंत्री बहुगुणा और डीएम ने किया बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का दौरा

शक्तिफार्म/सितारगंज(उद संवाददाता)।कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा व जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने शक्तिफार्म के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र अरविंद नगर, सूखी नदी का निरीक्षण कर बाढ़ प्रभावित लोगो का हाल जाना एवम अधिकारीयों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अरविंद नगर में बाढ़ प्रभावित लोगो से मुलाकात कर कहा की बाढ़ से प्रभावित सभी लोग सुरक्षित स्थान चले जाए। उन्होंने राजकीय प्राथमिक विद्यालय झाड़ी नम्बर 9 में बनाए गए राहत शिविर में पहुंच कर खाने पीने की व्यवस्थाओं का जायजा किया। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी व तहसीलदार को निर्देशित करते हुए कहा की बाढ़ से प्रभावित लोगों की खाने पीने की पूरी व्यवस्था करें किसी प्रकार की खाने पीने कोई कमी न हो। उन्होंने बाढ़ राहत शिविर में रह रहे लोगों से प्रशासन द्वारा किए जा खाने पीने की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने तहसीलदार को निर्देश देते हुए कहा की बाढ़ प्रभावित गांवो का निरीक्षण कर निरंतर निगरानी बनाए रखे। उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों की फूड पैकेट वितरित करने के निर्देश तहसीलदार को दिए। उन्होंने सूखी नदी के पुल का निरीक्षण कर सिंचाई विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एनडीआरएफ की टीम को निर्देश दिए की बाढ़ से प्रभावित सभी लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए ताकि किसी प्रकार की जनहानि न हो। जिलाधिकारी ने राजकीय इण्टर कालेज शक्तिफार्म में बनाए जा रहे हैलीपेड का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारीयों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, उदय सिंह राणा, तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी, जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई आदि उपस्थित थे।







## चोरी के जेवर सहित सुनार को रुद्रपुर से दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ट्रान्सपोर्टनगर क्षेत्र में हुई सिलसिलेवार चोरी व नकबजनी की घटनाओं में चोरी के माल की खरीद फिरोक्त करने वाले सुनार को पुलिस ने रूद्रपुर कचहरी के पास से मुखबिर की सूचना पर चोरी के चेन सहित गिरफ्तार कर लिया।जानकारी के अनुसार ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में सिलसिलेवार चोरी व नाकबजनी की घटनाओं के खुलासे के लिए हरेन्द्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीमें गठित की गयी। टीमों द्वारा टीपीनगर क्षेत्र के सैकड़ों सीसीटीवी कैमरें खंगाल कर तथा मुखबिर एवं साक्ष्यों के आधार पर अथक प्रयासों के बाद घटना में संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का माल बरामद करने में सफलता पायी थी। परंतु गैंग में शामिल सुनार लगतार फरार चल रहा था जो चोरी के माल की खरीद फिरोक्त करता था। पुलिस टीम के काफी प्रयासों से आरोपी सुनार को मुखबिर की सूचना पर कचहरी रूद्रपुर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता मेवा राम पुत्र मूल चन्द्र निवासी डबलफाटक मौहल्ला नेता कालोनी थाना मझोला मुरादाबाद उप्र बताया। उसका कहना था कि घटनाओं में शामिल आरोपी चोरों से चुराया हुआ माल खरीदा था। जिसे उसने गला दिया। एक चुराई हुई चौन अपने पास गले में पहन ली। इससे पहले भी वह चोरी के मामले में बेंगलूर मे जेल जा चुका है।पुलिस ने उसके कब्जे से सोने की चेन बरामद करी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में हरेन्द्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, उनि पंकज जोशी प्रभारी चौकी टीपीनगर, कानि. तारा सिंह, अनिल टम्टा शामिल थे।



## ऑपरेशन प्रहार के तहत सात वांछित पकड़े

किच्छा(उद संवाददाता)। पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत शहर तथा आसपास क्षेत्र में कच्ची शराब ,अफीम, चरस,के कारोबार में लिप्त लोगों सहित वांछित चल रहे अभियुक्तों के खिलाफ मुहिम छेड़ दी है जिसके तहत धर पकड़ करते हुए पुलिस ने जहां विगत दिवस कच्ची शराब बनाने वाले लोगों को पकड़ कर जेल भेजा है वही नॉन वेलेबल वारंटी भी पकड़ कर जेल भेजे गए हैं जिसमें एक महिला वारंटी समेत सात वारंटियो को गिरफ्तारकिया गया। कोतवाली पुलिस ने विभिन्न मुकदमों में न्यायालय से वांछित चल रहे सात वारंटियों जिसमे एक महिला भी शामिल है को ऑपरेशन प्रहार के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। गिरफ्तार किए गए वारंटीयो में गुलशन पुत्र रोहन लाल ,धर्मवीर कश्यप पुत्र महानंद कश्यप निवासीगण वार्ड नंबर 5 कोतवाली किच्छा उधम सिंह नगर , सरोज पत्नी हीरा पांडे निवासी वार्ड नंबर 4, किच्छा जिला उधम सिंह नगर, दिनेश चंद्र पुत्र अनोखे लाल वार्ड नंबर 3 रेलवे कॉलोनी किच्छा, विक्की पुत्र गुलशन निवासी आवास विकास किच्छा,करण अग्रवाल पुत्र अनुज अग्रवाल निवासी टैक्सी स्टैंड के पास किच्छा,फरीद पुत्र भूरे निवासी वार्ड नंबर 7 को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है।




गुरू मां उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन

SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS

DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR

गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध

Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac

Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Easy EMI Options Available

गुरू मां GURU MAA ENTERPRISES

RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338